# 500 उत्कृष्ट वचन


**संग्रहकर्ता**

**महेंद्र सिंह**

**प्रेरणा स्रोत**

**प्रदीप सिंह रावल**



**2021**

# उत्कृष्ट वचन

## प्रार्थना

**तू मुझे संभाल लेता है,
यह तेरा उपकार है मेरे दाता,
वर्ना तेरी मेहरबानी के लायक़,
मेरी हस्ती कहाँ,
रोज़ ग़लती करता हूँ,
तू छुपाता है अपनी बरकत से,
मैं मजबूर अपनी आदत से,
तू मशहूर अपनी रहमत से,
तू वैसा ही है,
जैसा मैं चाहता हूँ, बस,
मुझे वैसा बना दे,
जैसा तू चाहता है**


**संग्रह कर्ता**

**महेंद्र सिंह**


**प्रेरणा स्रोत**

**प्रदीप सिंह रावल**



**2021**

# प्राकथन



महेंद्र सिंह



प्रदीप सिंह रावल

पिछले कुछ सालों से मेरे अनुज आमका निवासी कुंवर प्रदीप सिंह रावल सुपुत्र ठाकुर सुधीर सिंह रावल जिन्हे लोग बॉबी के नाम से भी जानते है मुझे प्रतिदिन प्रेरणा दायक अनमोल वचन भेजते रहे हैं । लगभग दो साल पहले मुझे विचार आया कि क्यों न इन सुंदर शब्दों को एक पुस्तिका के रूप में छपवा लिया जाये। तब से मैंने इनको संग्रह करना आरम्भ कर दिया। पिछले दो सालों में इनका संग्रह काफी बड़ा हो गया। तब मैंने कुंवर प्रदीप जी से इसको छपवाने की इच्छा प्रगट की जिसको उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया।

मेरा ऐसा मानना है की इस प्रकार की पुस्तक पड़ने से मनुष्य का बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक विकास होता है और उसमे व्यहवारिक कुशलता का भी ज्ञान प्राप्त होता है। परन्तु इतना अवश्य है कि पड़ने के साथ साथ पुस्तक में बताई गए बातों पर अमल करना भी जरुरी है ।

मैं प्रदीप भाई का बहुत आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे इस पुस्तक को संकलित करने का मौका दिया और पुस्तक के लिए आवश्यक सामग्री भी प्रदान की । आशा है की आपको पुस्तक पसंद आएगी ।

**महेंद्र सिंह**
**संग्रह कर्ता**

# 500 अनमोल वचन

1. माफ़ी वही दे सकता है जो अंदर से मज़बूत हो
खोखले इंसान तो**सिर्फ बदले की आग में जलते रहते है

########

2. लोग जब पूछते है कि आप क्या काम करते हो
तो असल मे वो हिसाब लगाते है.
कि आप को कितनी इज्जत देनी है

########

3. लोग कह रहे हैं,"त्यौहार अब फीके हो गये*
बुजुर्ग बोले बेटा**त्यौहार नहीं* *"व्यवहार" फीके हो गये।

########

4. वक़्त सिखा देता है जीने का हुनर,
फिर क्या नसीब क्या मुक़द्दर और क्या हाथ की लकीरें

########

5. आप जैसै हैं, वैसे ही बने रहिये क्योंकि
मूल प्रति" की कीमत
छाया प्रति से हमेशा अधिक होती है

########

6. जीवन में यही देखना महत्वपूर्ण नहीं कि कौन हमसे आगे है या कौन पीछे,
यह भी  देखना चाहिए कि सुख दुःख के समय कौन
हमारे साथ है और हम किसके साथ हैं

########

7. कस्तूरी की गन्ध को सिद्ध नहीं करना पड़ता,
वह तो स्वयं फैलकर अपनी सुगन्ध से वातावरण को सुगंधित कर देती है!*
उसी प्रकार गुणवान् तथा प्रतिभावान मनुष्य के गुण अपने आप फैल जाते है,
उनका प्रचार प्रसार नही करना पड़ता

########

8. अपने आप को इस तरह बनाएँ कि
आप हमेशा समाधान का हिस्सा हों
समस्या का नहीं

########

9. आलस्य एक ऐसा चोर है जिसे हम आज का दिन देते हैं
और वो हमसे हमारा कल का दिन चुरा लेता है ।

########

10. हर कोई सही व्यक्ति खोजने की कोशिश कर रहा है
लेकिन कोई भी सही व्यक्ति बनने की कोशिश नहीं कर रहा है

########

11 दोनों तरफ से जो निभाया जाये
वही सम्बंध सफल है *अन्यथा*
एक तरफ से सेंक कर तो रोटी भी नहीं बनती*

########

12. ज़िन्दगी तेरे सपने भी कमाल के है
तू गरीबो को उन महलो के सपने दिखाती है
जिनमे अमीरों को नींद नही नही आती

########

13. जीवन में हमेशा एक दूसरे को,
समझने का प्रयत्न करो।
परखने का नहीं

14. जिन्दगी समझ आ गयी तो अकेले में मेला,
और ना समझ आयी तो, मेले में भी अकेला ।

########

15. जीवन की सबसे बड़ी ग़लती वही होती है
जिस ग़लती से हम कुछ सीख नहीं पाते

########

16 जन्म, माता-पिता से मिलता है, ऋणी रहें
प्रतिभा ईश्वर से मिलती है नतमस्तक रहें
ख्याति समाज से मिलती आभारी रहें
लेकिन मनोवृत्ति और घमंड स्वयं से मिलते हैं,
सावधान रहें

########

17. मुश्किलों को कुछ इस तरह से टक्कर दो कि
जीतो तो भी इतिहास और हारो तो भी इतिहास

########

18. चापलूस और आलोचक मे केवल इतना अन्तर है
कि चापलूस अच्छा बनकर बुरा करता है और
आलोचक बुरा बनकरअच्छा करता है

########

19. भाग्यशाली वे नही होते
जिन्हें सब कुछ अच्छा मिलता है
बल्कि वे होते हैं जिन्हें जो मिलता है
उसे वो अच्छा बना लेते हैं

########

20 फूंक मारकर हम दिए को बुझा सकते है पर अगरबत्ती को नहीं,
क्योंकि जो महकता है उसे कौन बुझा सकता है
और जो जलता है वह खुद बुझ जाता है।

21. कभी ये ना सोचे कि मेरे बिना
किसी का काम नहीं होगा
यह संसार है साहब
यहां ताश का पत्ता गुम होने पर लोग
जोकर को,बादशाह बना लेते हैं.

########

22 सौभाग्य से जो प्राप्त होता है, उसे सात पीढ़ी भोगती है,
जो छीन कर हासिल किया जाता है, उसे सात पीढ़ी भुगतती है

########

23. जीवन जितना सादा रहेगा
तनाव उतना ही आधा रहेगा

########

24. ईश्वर कितनी सुन्दरता से हमारे जीवन में
एक और दिन की वृद्धि करते रहते हैं
केवल इसलिए नहीं कि आपको इसकी जरूरत है
बल्कि किसी अन्य को भी प्रतिदिन आपकी जरूरत है

########

25 उंचाई पर वो ही पहुँचते है
जो "प्रतिशोध" के बजाय
परिवर्तन" की सोच रखते है।

########

26. कोई सराहना करे या निंदा लाभ तुम्हारा ही है
प्रशंसा प्रेरणा देती है और निंदा सुधरने का अवसर

########

27 बनावट, सजावट और दिखावट
इन्हीं तीन चीजों के कारण आई है लोगो में गिरावट

########

28. क्रोध* आपका ऐसा हुनर है जिसमें *फँसते* भी आप है,
*उलझते* भी आप है, *पछताते* भी आप है,
और *पिछड़ते* भी आप है।

########

29. झुक के जीना सीखो ताकि दूसरों के आशीर्वाद भरे हाथ सहजता
से आपके सिर तक पहुँच सकें बिना झुके विवाद मिल सकता हैं आशीर्वाद नहीं

########

30 किसी की कोई बात बुरी लगे तो,दो तरह से सोचे
यदि व्यक्ति महत्वपूर्ण है *तो बात भूल जाए और,
बात महत्वपूर्ण है तो व्यक्ति को भूल जाए

########

31. सफलता हमेशा अच्छे विचारों से आती हैं
और अच्छे विचार अच्छे लोगों के सम्पर्क से आते हैं

########

32 किसी एक व्यक्ति की मदद करने से दुनियां तो नहीं बदलने वाली
लेकिन हाँ *जिस व्यक्ति की मदद करोगे
उसकी दुनियां जरूर बदल सकती है।

########

33. तराशिये ख़ुद को कुछ इस कदर कि पाने वाले
को नाज़ हो, और खोने वाले कोअफ़सोस

########

34. नींद के भी बड़े अजीब नखरे है
जब आ जाती हैं तो सब कुछ भुला देती हैं
ना आये तो भूला हुआ सब कुछ याद करा देती हैं

########

35 बचपन में जब मंदिरो में भीड़ की वजह से
भगवान के दर्शन नही हो  पाते थे
तब पिताजी कंधे पर उठाकर दर्शन करवाते थे
तब इतना नही पता था कि जो कंधे पर
उठाये है, वही "भगवान" है*

########

36 नहीं बदल सकते हम खुद को औरों के हिसाब से
एक लिबास हमें भी दिया है खुदा ने अपने हिसाब से

########

37 समय अच्छा' हो तो आपकी गलती भी मजाक लगती है
और 'समय ख़राब' हो तो आपकी मजाक भी गलती बन जाती है

########

38. पसीने की स्याही से जो   लिखते हैं अपने इरादों को,
उनके मुकद्दर के पन्ने कभी कोरे नहीं हुआ करते

########

39. ज़िंदगी की रेस में जो लोग आपको ‘दौड़ कर नहीं हरा पाते
वही लोग आपको ‘तोड़ कर हराने की कोशिश करते हैं

########

40. सम्मान हमेशा समय का   होता है,
लेकिन आदमी उसे अपना समझ लेता है

########

41. लोगों का आदर केवल उनकी सम्पत्ति
के कारण नहीं करना चाहिये बल्कि
उनकी उदारता के कारण करना चाहिये

42. हम सुरज की कद्र उसकी उँचाई
के कारण नहीं करते बल्कि
उसकी उपयोगिता के कारण करते हैं।
अतः व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व आदरणीय है

########

43. अमीर तो हर गली में मिल जाते है
मुश्किल तो जमीर वालों को ढूंढना है

########

44 गुनहगार हूँ, फकत हकीकत बयानी का
लगा कर चाशनी जुबां पे, मुझसे बोला नहीं जाता

########

45. कभी जिन्दगी के धागे टूट जाये
तो दोस्तों के पास जाना
दोस्त हौसलों के दर्जी होते हैं
मुफ्त में रफ्फू कर देते हैं

########

46 सुखी होने के बहुत रास्ते है, परन्तु औरों से
ज्यादा सुखी होने का कोई रास्ता नहीं है

########

47. थक कर बैठा हूँ हार कर नहीं
सिर्फ़ बाज़ी हाथ से निकली है ज़िंदगी नहीं।

########

48. मन अक्सर कहता है"ईश्वर" से कुछ मांग ले
आत्मा रोक देती है यह कहकर कि
प्रभु ने जितना दिया है,क्या मैं उसके काबिल भी था

########

49. बरसात गिरी और कानो में इतना ही कह गयी
कि गर्मी किसी की भी हमेशा नहीं रहती।

########

50. लगता था जिन्दगी को बदलने में वक्त लगेगा
पर क्या पता था बदला हुआ वक्त जिन्दगी बदल देगा

51. हर तकलीफ से इंसान का दिल दुखता बहुत है,
पर हर तकलीफ से इंसान सीखता भी बहुत है

########

52. कश्तियाँ बच जाती हैं तूफ़ान में
हस्तियाँ मिट जाती हैं अभिमान मैं

########

53 रिश्तों" की कदर भी पैसों
की तरह ही करनी चाहिए
क्यों कि दोनों को कमाना
मुश्किल है पर गँवाना आसान है

########

54. जिंदगी के रथ में लगाम बहुत है
अपनों के अपनों पर इलज़ाम बहुत है,
ये शिकायतों का दौर देखता हूँ तो थम सा जाता हूँ
लगता है उम्र कम है और इम्तिहान बहुत है

########

55. मनुष्य की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि उसको
झूठी तारीफ़ सुनकर बर्बाद होना तो पसंद है
पर सच्ची आलोचना सुनकर संभालना पसंद नहीं है।

########

56. आँख में पड़ा तिनकापैर में घुसा काँटा
औररुई में दबी आगसे भी ज्यादा भयानक है,
दिल में छिपा कपट और "पाप"

########

57. हसरतों के सिक्के लिए,
उजाले ख़रीदने निकले थे हम,
उम्र की पहली ही गली मैं,
जिम्मदारियों ने लूट लिया।

########

58. ज़रूरी नही हमेशा बुरे कर्मों की वजह से ही दर्द सहने को मिले
कई बार हद से ज़्यादा अच्छे होने की भी क़ीमत चुकानी पड़ती है

########

59. कुछ लोग हमेशा ख़ुश व संतुष्ट रहते हैं,
इसलिए नहीं की उनके जीवन में सब कुछ
ठीक होता है बल्किउनकी सोच हर हाल में
सकारात्मक होती

########

60 हसंते रहो, इसलिए नहीं की आपके पास हंसने का कारण है
ब्लकि इसलिए क्योंकि
दुनिया को रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता आपके रोने से
खुश रहो मस्त रहो

########

61. सत्य हमेशा जल में तेल की एक बून्द के समान होता है
आप कितना भी जल डालें वह हमेशा ऊपर ही तैरता है
इसलिये सच्चाई और सच्चे सम्बन्ध हमेशा कायम रहते है

########

62. सभी को “साथ” रखिये लेकिन साथ में कभी
“स्वार्थ” मत रखिये गलत सोच और गलत अंदाजा
इंसान को हर रिश्ते से गुमराह कर देता हे

########

63. जब कोई निरंतर अपमान और कटाक्ष करे
तो समझना
खेल में दर्शक ही चिल्लाते हैं खिलाड़ी नहीं

64 कड़वी गोलियाँ चबाई नही, निगली जाती हैं.
उसी प्रकार जीवन में भी अपमान, असफलता धोखे
जैसी कड़वी बातों को सीधे गटक जायें
उन्हें चबाते रहेंगे, यानी याद करते रहेंगे तो जीवन कड़वा
ही होगा

########

65. सच्चे लोगो पर भी उतना ही विश्वास रखिये जितना दवाइयों पर रखते हैं
बेशक थोड़े कड़वे होंगे..पर आपके लिये फ़ायदेमंद ही होंगे।

########

66 जिंदगी में दो व्यक्ति जीवन को नयी दिशा दे जाते है,
एक वह जो मौका देता है, दूसरा वह जो धोखा देता है

########

67 हैसियत का क़भी गुमान न करो यारो
उड़ान ज़मीन से शुरू ज़मीन पे ख़त्म होतीं हैं

########

68 भगवान ने सभी को धनुष के आकार के होंठ दिये है
मगर इनसे शब्दों के बाण ऐसे छोड़िये
जो सामने वाले के दिल को छू जाये
ना की दिल को छेद जाये

69. प्रकृर्ति ने सिर्फ दो ही रास्ते दिए है
1. या तो देकर जाएं
2. या फिर छोड़कर जाएं
साथ ले जाने की कोई व्यवस्था नही"नकली

########

70 हर नज़र में मुमकिन नहीं है ,बेगुनाह रहना!
चलो कोशिश करते हैं कि
ख़ुद की नज़र में, बेदाग रहें

########

71. उठो द्रोपती शस्त्र उठाओ अब गोविंद ना आएँगे

########

72. कर्मशील व्यक्तित्व देर सवेर पूज्य हो जाता है
लेकिन आलोचकों के कभी स्मारक नहीं बनते है

########

73 ज़िंदगी को अगर खुल कर जीना है तो थोडा सा झुक कर जियो,
तब देखो फिर, ये ईश्वर आपको कितना ऊँचा उठा देंगा

########

74 कुछ लोग मिलकर बदल जाते हैं और
कुछ लोगों से मिलकर जिन्दगी बदल जाती हैं

########

75 पहले जन्म व मृत्यु मुफ्त होते थे
अब जन्म - मृत्यु महंगे हो गए है
बिना सीजेरियन जन्म नही होता
और बिना वेंटिलेटर मृत्यु नही होती

########

76. मनुष्य को अपनी ओर खींचने वाला यदि
दुनिया में कोई असली चुम्बक है
तो वह प्रेम और आपका व्यवहार है।

########

77. कलम, कसम और कदम,
हमेशा सोच समझकर ही उठाना चाहिए

########

78. अगर आप सही हो तो कुछ भी साबित करने की कोशिश मत करो
बस सही बने रहो गवाही वक़्त ख़ुद देगा

########

79. बहस और बातचीत में एक बड़ा फर्क
बहस सिर्फ़ यह सिद्ध करती है,
कि कौन सही है जबकि
बातचीत यह तय करती है,
कि "क्या सही है"

########

80. इस संसार में सबसे बढ़िया दवा "हँसी"
सबसे बड़ी सम्पत्ति "बुद्धि"
सबसे अच्छा हथियार "धेर्य"
सबसे अच्छी सुरक्षा "विश्वास"
और आनंद की बात यह है कि ये सब निशुल्क हैं।

########

81. ज़र्रे ज़र्रे में रब की निगाहें करम हैं
कभी ये नहीं कहना कि
औरों पर ज्यादा और मुझ पर कम है

########

82 सत्य को अपनाना भी विवेक और साहस का काम है। यह एक ऐसा गुण है,जो सबको नहीं मिलता और जिसको मिलता है, उसका निराला स्वभाव होता है।
विवेक ही सत्य को खोज पाता है। विवेक की विशेषता है कि वो यथार्थ को ग्रहण कर लेता है और व्यर्थ को छोड़ देता है।

########

83. अगर आपको वह फ़सल पसंद नहीं है जो आप काट रहें हैं
तो उन बीजों की जाँच करें जो आप बो रहे हैं

########

84 इंसान' की सोच भी 'अज़ीब' है 'कामयाबी' मिले तो अपनी 'अक्ल' पर खुश होता है.
और जब 'परेशानी' आये तो अपने 'नसीब' को दोष देता है

########

85 भरोसा जीता जाता है, मांगा नहीं जाता.
ये वो दौलत है,जिसे कमाया जाता है
खरीदा नहीं जाता

########

86 समय बहरा है, किसी की नहीं सुनता,
लेकिन वह अंधा नहीं है, देखता सबको है

########

87. पृथ्वी पर कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है
जिसकी कोई समस्या न हो और
पृथ्वी पर कोई समस्या ऐसी नहीं है
जिसका कोई समाधान न हो

########

88. समस्या का समाधान इस बात पर निर्भर करता है
कि हमारा सलाहकार कौन है।
ये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि
दुर्योधन शकुनि से सलाह लेता था
और अर्जुन श्रीकृष्ण से।

89. सारी दुनिया आपके सामने झुके ऐसी दुआ
कभी मत माँगना लेकिन दुनिया की
कोई ताकत आपको झुका ना सके ये दुआ जरूर माँगना!

########

90. मुसीबतें रुई से भरे थैले की तरह होती हैं;
देखते रहेंगे तो बहुत भारी दिखेगी;
और उठा लेंगे तो, एकदम हल्की हो जायेंगी

########

91. हाथों की लकीरें तो सिर्फ,
सजावट बयाँ करती हैं,
किस्मत अगर मालूम होती,
तो मेहनत कौन करता

########

92. दिल खोल कर इन लम्हो को जी लो यारों
जिंदगी अपना इतिहास फिर नहीं दोहरायेगी
ख़ामोशी से बनाते रहो, पहचान अपनी
हवाएँ खुद तुम्हारा नाम गुनगुनायेगी

########

93 सम्बन्ध वर्षा जैसा नहीं होना चाहिए, जो बरसकर खत्म हो जाय बल्कि
सम्बन्ध हवा की तरह होना चहिये, जो खामोश हो मगर सदैव आस पास हो।

########

94. दो बातों की गिनती करना छोड़ दिजिये
खुद का दुःख और दुसरे का सुख
ज़िन्दगी आसान हो जाएगी

########

95 कमियाँ तो मुझमें भी बहुत है, पर मैं बेईमान नहीं।
मैं सबको अपना मानता हूँ, सोचता हूँ फायदा या नुकसान नहीं।
एक शौक है शान से जीने का, कोई और मुझमें गुमान नहीं।
छोड़ दूँ बुरे वक़्त में अपनों का साथ, वैसा तो मैं इंसान नहीं।

########

96 हर जलते दीपक तले अंधेरा होता है, हर रात के बाद एक सवेरा होता है,
मुसीबत देख कर डर जाते है लोग, लेकिन हर मुसीबत के पीछे सच का सवेरा होता है।

########

97\. "वक़्त" और "अध्यापक" दोनों हमें सिखाते हैं। पर दोनों में फर्क सिर्फ इतना है कि
अध्यापक" सिखा कर "परीक्षा" लेते हैं और "वक़्त" परीक्षा ले कर "सिखाता" है

########

98\. जिस तरह नदी में गिरने से किसी की जान नहीं जाती
जान तभी जाती है जबकि तैरना नहीं आता ऐसे ही
परिस्थितियाँ कभी समस्या नहीं बनती
समस्या तभी बनती है जब हमें परिस्थितियों से निपटना नहीं आता

########

100\. जीतने के लिए होना पड़ता है जिद्दी।
हारने के लिए काफी है अदना सा डर

########

101\. वक्त कब किसका बदल जाये कहा नहीं जा सकता
आज प्याज का भी सेब, अनार के साथ उठना बैठना है

########

102\. सत्य शेर की तरह है, आपको इसे बचाने की ज़रूरत नहीं है
इसे खुला छोड़ दो, यह अपना बचाव खुद कर लेगा

########

103. यदि रिश्ते थोड़े समय रखना है तो मीठे बनिये
और लंबे समय रखना हो तो स्पष्ट बनिये

########

104.. मुस्कुराहट एक कमाल की पहेली है,
जितना बताती है, उससे कहीं ज्यादा छुपाती हैं,

########

105 ज़िंदगी में ऐसा कुछ करो कि काम दोनों का चलता रहे,
हवा भी चलती रहे और दीया भी जलता रहे

########

106 अंजान अगर हो तो गुज़र क्यूँ नहीं जाते,
पहचान रहे हो तो ठहर क्यूँ नहीं जाते

########

107 कभी भी इतना समझदार मत बनिए कि
आपको कोई अच्छी सलाह देना बंद कर दे।

########

108. आदमी ग़लती कर के जो सीखता है,
वो किसी और तरह नहीं सीख सकता

########

109. क़िस्मत सिर्फ़ एक बार दस्तक देती है,
पर बदक़िस्मती बहुत धार्यवान होती है, बार बार दस्तक देती है।

########

110. पुल और दीवार दोनों के निर्माण में एक जैसा रॉ मटेरियल लगता है,
जबकि पुल लोगों को जोड़ने का काम करता है,
और"दीवार अलग करने का काम करती है

111. इन्सान भी मालिक ने एक जैसे ही बनाये हैं,
कौन कैसा "व्यवहार" करता है यह उसके "संस्कारों" पर निर्भर है

112 क्रोध, गुस्सा, नफरत ये सब धीमा ज़हर हैं
इन्हें पीते हम खुद हैं और सोचते हैं मरेगा कोई दूसरा!

########

113. हम प्रयास के लिए उत्तरदायी हैं,
न कि परिणाम के लिए

########

114 कौन क्या कर रहा है, कैसे कर रहा है, क्यों कर रहा है
इससे हम जितना दूर रहेंगे,
अपनी मन्जिल के उतने ही करीब रहेंगे

########

115 सुंदरता की कमी को तो अच्छे आचरण से पूरा किया जा सकता है
परन्तु अच्छे आचरण की कमी को सुंदरता से पूरा नहीं किया जा सकता

########

116. गलत समय पर सही बात को समझाने वाला बहुत ही मुश्किल से मिलता है

########

117 उम्र थका नहीं सकती, ठोकरें गिरा नहीं सकती
अगर हमें जीतने की ज़िद हो तो, परिस्थितियाँ हरा नहीं सकती

########

118 गलतियां"सुधारी जा सकती है,
गलतफहमियां"भी सुधारी जा सकती है,
लेकिन गलत धारणाएं"
कभी सुधारी नही जा सकती!

119. भूलने वाली सारी बातें "याद" है
इसीलिए ज़िन्दगी में "विवाद" है

########

120. छाता और दिमाग तभी काम करते है,
जब वो खुले हो,
बंद होने पर दोनों बोझ लगते है

########

121 हम सही हो सकते है लेकिन मात्र हमारे
सही होने से सामने वाला गलत नही हो सकता

########

122 इंसान नहीं बोलता, उसके दिन बोलते हैं
जब दिन नहीं बोलते तो, इंसान लाख बोले,
उसकी कोई नहीं सुनता।

########

123. अनुभव सच में एक बेहतरीन स्कूल है
बस कम्बख़त फीस बहुत लेता है

########

124. जो आनंद अपनी
छोटी पहचान बनाने मे है,
वो किसी बड़े की
परछाई बनने मे नही है

########

125 अपने वो नही होते जो तस्वीर में साथ खड़े होते हैं,
अपने वो हैं जो तकलीफ साथ खड़े होते हैं

########

126. शब्द और नीयत आपको चार लोगों में
बिठा भी सकते है, और उठा भी सकते है!

#######

127. इंसान नीचे बैठा दौलत गिनता है
कल इतनी थी आज इतनी बढ गयी
ऊपर वाला हंसता है और इंसान की सांसे गिनता है
कल इतनी थीं आज इतनी कम हो गयीं

########

128. उपलब्धि और आलोचना एक दूसरे के मित्र हैं
उपलब्धियां बढ़ेगी तो निश्चित ही आलोचना भी बढ़े

########

129 उगते सूरज और दौड़ते हुए घोड़े
के चित्र लगाने से प्रगति नहीं होती है
प्रगति के लिए सूर्योदय से लेकर
शाम तक घोड़े की भांति दौड़ना पड़ता है!

########

130 मैं दुनिया से लड़ सकता हूँ लेकिन अपनों से नहीं,
क्योंकि अपनों के साथ मुझे जीतना नही बल्कि जीना है

########

131. बुरे समय में दिलासा देने वाला अजनबी ही क्यों ना हो दिल में
उतर जाता है और बुरे समय में किनारा करने
वाला अपना ही क्यों न हो दिल से उतर जाता है

########

132 बड़ों का दिया आशीष और अपनों की दी हुई शुभकामनाओं
का कोई रंग नहीं होता, लेकिन जब ये रंग लाती है तो जीवन रंगों से भर जाता है

########

133. अपने हौसले को ये मत बताओ कि तुम्हारी परेशानी कितनी बड़ी है
अपनी परेशानी को ये बताओ कि तुम्हारा हौसला कितना बड़ा है

#######

134. सत्य हमेशा पानी में तेल की बूँद की तरह होता है,
आप कितना भी पानी डालो हमेशा ऊपर आ ही जाता है

########

135. जिस दिन आपने दुसरो की
गलती को ढूंढना छोड़ दिया
समझो उस दिन से आपने
शांति का एहसास करना

########

136 दौड़ने दो खुले मैदानों में,
इन नन्हें कदमों को जनाब
जिंदगी बहुत तेज भगाती है
बचपन गुजर जाने के बाद

########

137. ग़लत का विरोध हमेशा सीना ठोक कर
कीजिए इतिहास आपको बा'ग़ी तो
कहेगा, लेकिन "ग़ुलाम" नहीं

########

138. जीवन में उन सपनों का कोई महत्व नहीं,
जिनको पूरा करने के लिए. अपनों से ही छल करना पड़े।है

########

139 कुछ बातों के मतलब हैं, और कुछ मतलब की बातें
जब से फर्क समझा, जिंदगी आसान हो गई

140 सत्य कहो, स्पष्ट कहो, सम्मुख कहो,
जो अपना हुआ तो समझेगा,
जो पराया हुआ तो छुटेगा

141. दुनिया में इंसान को हर चीज़ मिल जाती है
सिर्फ अपनी गलती नहीं मिलती

########

142 जीवन में जो सबकखाली पेट, खाली जेब और बुरा वक़्त
सिखाता है, वो कोई स्कूल या यूनिवर्सिटी नही सिखाती।

########

143. जाने वो कैसे मुकद्दर की किताब
लिख देता है साँसे गिनती की
और ख्वाइशें बेहिसाब लिख देता है

########

144 जीवन में ऐसी सोच रखिये,
जो खोया उसका गम नहीं, पर जो पाया है
वह किसी से कम नहीं, जो नहीं है वह एक ख्वाब है,
पर जो है वह लाजवाब है।

########

145. हर पतंग जानती है,
अंत में कचरे मे जाना है
लेकिन उसके पहले हमे,
आसमान छूकर दिखाना है
बस ज़िंदगी भी यही चाहती है

########

146 समय धीमे चलता हैं जब इतंज़ार हो,
तेज चलता हैं जब देर हो,
समय लबां चलता हैं जब दु:ख हो
कम होता हैं जब सुख हो

147. मैं सब कुछ और तुम कुछ भी नहीं
बस यही सोच, हमें इंसान नहीं बनने देती

#######

148 सम्मान हमेशा समय का होता है,लेकिन
आदमी उसे अपना समझ लेता है

########

149 बड़ों के द्वारा दिये गए उपदेश
चौराहे की रेड लाइट की तरह है
जो बुरा मानने के लिए नहीं बल्कि
एक्सीडेंट रोकने के लिए होते है

########

150 मदद एक ऐसी घटना है
करे तो लोग भूल जाते है
और.न करें तो लोग याद रखते है

########

151. इच्छा पूरी नही होती है तो क्रोध बढ़ता है और
इच्छा पूरी होती है तो लोभ बढ़ता है

########

152 जरूरी नहीं कि रोज मंदिर जाने से इन्सान धार्मिक बन जाएं। लेकिन
कर्म ऐसे करने चाहिए कि इंसान जिस जगह जाए वो मंदिर बन जाए।।

########

153. जीवन शतरंज के खेल की तरह है और यह खेल आप ईश्वर के साथ खेल रहे हैं
आपकी हर चाल के बाद,
अगली चाल वो चलता है
आपकी चाल आपकी "पसंद" कहलाती है
और उसकी चाल "परिणाम" कहलाती है

154 मौका देनेवाले को धोखा..
और धोखा देनेवाले को मौका कभी मत दो

########

155 भीतर शून्य बाहर शून्य शून्य चारों ओर है
मैं नही हूँ मुझमे फिर भी मैं मैं का ही शोर है।

########

156 स्नेह में ही ताकत है समर्थ को झुकाने की
वरना सुदामा में कहाँ ताकत थी
श्री कृष्ण से पैर धुलवाने की

########

157. ज़रूरत के समय लोगों को याद करना सामान्य व्यवहार में आता है
लेकिन ज़रूरत के बग़ैर लोगों को याद करना असाधारण व्यक्तिव की पहचान है

########

158. देश में राजा समाज में गुरु परिवार में पिता
घर में स्त्री ये कभी साधारण नहीं होते
क्योंकि निर्माण और प्रलय
इन्हीं के हाथ में होता है

########

159 जो पानी में भीगेगा
वो सिर्फ लिबास बदल सकता है
लेकिन जो पसीने में भीगता है वो
इतिहास बदल सकता है

########

160 अच्छे के साथ अच्छे बनें, पर बुरे के साथ बुरे नहीं
क्योंकि - हीरे से हीरा तो तराशा जा सकता है
लेकिन कीचड़ से कीचड़ साफ नहीं किया जा सकता ।

161. अपने जीवन काल में आपको तीन प्रकार के लोग हमेशा स्मरण रहने चाहिएं:-
1. संकट के समय आपकी सहायता करने वाले।
2. संकट के समय आपको मझधार में छोड़ने वाले।
3. संकट में डालने वाले।

########

162 खुश होना है तो तारीफ सुनिये और
बेहतर होना है तो निंदा
लोग आपसे नहीं आपकी स्थिति से
हाथ मिलाते हैं यही जीवन का कड़वा सत्य है

########

163 तकलीफ होने पर जो व्यक्ति सबसे पहले याद आए
वो जिन्दगी का सबसे कीमती इंसान होता है|

########

164. पांच सीढ़िया संबंधों की
देखना अच्छा लगना चाहना पाना
यह चार बहुत सरल सीढ़िया है
सबसे कठिन पांचवी सीढ़ी है
निभाना

########

165 गुणों के सहारे ही व्यक्ति सफल हो पाता है
मगर विनय और विवेक साथ हो तो शिखर छू जाता है

########

166 जब हम अकेले हों तब अपने विचारों को संभालें
और जब हम सबके बीच हों तब अपने शब्दों को संभालें

########

167. मैंने कुछ लोग लगा रखे हैं पीठ पीछे बात करने के लिए
पगार कुछ नहीं है उनकी पर काम बड़ी ईमानदारी से करते हैं

168 भरोसा बहुत बडी पूंजी है यूंही नहीं बांटी जाती
यह खुद पर रखो तो ताकत और
दूसरे पर रखो तो कमजोरी बन जाता हैं

########

169 जीवन में आधा दुःख गलत लोगों से उम्मीद
रखने से आता है और बाकी का आधा दुःख
सच्चे लोगों पर शक करने से आता है

########

170 अंधेरे को हटाने में समय बर्बाद मत करो, दीये को जलाने में समय लगाओ
दूसरों को नीचा दिखाने में नहीं, बल्कि खुद को ऊँचा उठाने में समय लगाओहै

########

171. सरल व्यक्ति के साथ किया गया छल आपकी बर्बादी के सभी द्वार खोल देता है
चाहे आप कितने भी बड़े शतरंज के खिलाड़ी क्यों न हों।

########

172 अल्फ़ाज़ ही सब कुछ होते है
और दिल चीर भी देते है,
दिल जीत भी लेते है

########

173 यदि जीवन में लोकप्रिय होना हो तो
सबसे ज्यादा आप शब्द का
उसके बाद हम शब्द का
और सबसे कम
मैं शब्द का उपयोग करना चाहिए

########

174. सारे साथी काम के और सबका अपना मोल
जो संकट में साथ दे वो सबसे अनमोल

175 लोग बुरे नहीं होते
बस जब आपके मतलब के नहीं होते
तो बुरे लगने लगते है

########

176. मजबूर और मजबूत मे ज्यादा फर्क नही है
"स्वार्थी" मनुष्य से मित्रता करोगे तो वो आपको
मजबूर"बना देगा और "सच्चे" मनुष्य से मित्रता करोगे
तो वो आपको "मजबूत बनाएगा!!

########

177. किसी से ईर्ष्या करके मनुष्य उसका तो कुछ बिगाड़ नहीं सकता है,
पर अपनी निद्रा, अपना सुख और अपना सुख-संतोष अवश्य खो देता है

########

178 याद रखना और सीख लेना
किसी भी काम को टालने या बहाने आपको कुछ पल की खुशी देंगें
लेकिन इसकी कीमत आपको जल्दी ही भविष्य में चुकानी पड़ेगी
इसलिए कभी ज़रूरी कामों का मत टाले

########

179. जरा संभल कर चलें क्योंकि
तारीफ के पुल के नीचे मतलब की नदी बहती है

########

180 प्रभु से प्रार्थना कभी भी किसी ज़रूरत के लिए नही करें
प्रार्थना तो प्रभु के शुक्रगुज़ार के लिए करें कि जितना भी
आपका आशीर्वाद मिला हैं बहुत कम लोगो को नसीब हुआ हैं

########

181 दूसरों की ख़ुशी मेंअपनी ख़ुशी देखना
एक बहुत बड़ा हुनर है और जो इंसान
ये हुनर सीख जाता है,,
वो कभी भी दुःखी नहीं होता

182. नफ़रत की दीवार इतनी ऊंची भी मत करो,
कि ज़रूरत पड़ने पर कूदी भी ना जा सके

########

183 अकाल अगर "अनाज" का हो,तो "मानव" मरता है .किन्तु
अकाल" अगर "संस्कारों" का हो, तो "मानवता" मरती हैं

########

184. सुखी जीवन का आसान रास्ता ये है की
सबको हराने की जगह सबको जीतने की कोशिश करो!
लोगो पे हँसने की जगह लोगो के साथ हँसो!!

########

185 क्षमा उन फूलों के समान हैं जो कुचले जाने
के बाद भी"खुशब देना बंद नहीं करते

########

186 हमेशा खुश रहना चाहिए क्योंकि
परेशान होने से कल की मुश्किल
दूर नहीं होती बल्कि
आज का सुकून भी चला जाता है

########

187. बात करने का मजा तो उन लोगों के साथ
आता है जिनके साथ बोलने
से पहले कुछ सोचना ना पड़े

########

188. अहंकार दूसरों को झुकाकर कर खुश होता है,
संस्कार स्वयं झुककर खुश होता है

189 परिपक्वता इसमें नहीं है कि आप कितना "जानते" हैं या कितने "शिक्षित" हैं
बल्कि इसमें है कि आप किसी जटिल स्थिति से "शांति" से निपटनेमें कितने सक्षम हैं

########

190 जो दिल में हैं
उसे कहने की हिम्मत रखिए
और जो दूसरों के दिल में है
उसे समझने का हुनर रखिए

########

191 दो हाथ से हम दस लोगों को भी नही हरा सकते
परन्तु दो हाथ जोङ कर हम करोङो लोगों का
दिल जीत सकते है

########

192 सिक्का दौनों का होता है हैड का भी और टेल का भी पर
वक्त सिर्फ उसका आता है जो पलट के ऊपर आता है

########

193. इंसान तब "समझदार नही होता जब वह बडी बडी बातें करने लगे
बल्कि"समझदार" तब होता हैं, जब वह छोटी छोटी बातें समझने लगे

########

194 इस संसार में सबसे बढ़िया दवा हँसी
सबसे बड़ी सम्पत्ति बुद्धि सबसे अच्छा हथियार धेर्य
सबसे अच्छी सुरक्षा विश्वास और
आनंद की बात यह है कि ये सब निशुल्क हैं

########

195 सबसे तेज वही चलता है,
जो अकेला चलता है,
लेकिन दूर तक वही जाता है जो
सबको साथ लेकर चलता है

196 कोशिश करे कि जिँदगी का हर लम्हा
अपनी तरफ से हर किसी के साथ अच्छे से गुजरे
क्योकि जिन्दगी नहीं रहती पर अच्छी
यादें हमेशा जिन्दा रहती हैं

########

197 जिंदगी में कुछ ऐसे दोस्त जरूर बनाओ की, जो दिल की बात को
ऐसे समझे जैसे मेडिकल स्टोर वाले
डॉक्टर की हैंडराइटिंग समझते हैं!

########

198 किसी की भी बात को
समझने के इरादे से सुनना चाहिये
न कि जवाब देने के इरादे से

########

199. पहले आयु में बड़े का सम्मान होता था
अब 'आय ' में बड़े का सम्मान होता है

########

200 गलत लोगों की जीत उसी
समय तय हो जाती है
जब सही लोग चुप हो जाते हैं

########

201 किसी ने पूछा समाज को आगे बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए
एक विद्वान ने जवाब दिया
टांग के बदले हाथ खींचो, समाज अपने आप आगे बढ़ेगा

########

202 आपकी उपस्थिति से कोई व्यक्ति स्वयं के दुःख भूल जाए
यही आपकी उपस्थिति की सार्थकता है

203 ज़िन्दगी में कुछ दोस्ती  नादानों से भी ज़रूर रखना
क्योंकि जरुरत पड़ने पर समझदार लोग अक्सर
व्यस्त रहते हैं।

########

204 दो बातें अपने अंदर पैदा कर लो
एक तो चुप रहना, और एक माफ करना
क्योंकि चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं,
और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं,

########

205 साइकिल हो या  ज़िंदगी
बेहतर तभी चलती
हैं जब "चैन"  हो!

########

206. हमारे पास जो कुछ है,
उसका आनंद तभी ले पायेंगे
जब हमारे पास जो नहीं है
उसकी चिन्ता छोड़ेंगे।

########

207. जिस तरह उबलते हुए
पानी में हम अपना प्रतिबिंब नहीं देख पाते
उसी प्रकार क्रोध में हम
किसी की अच्छाई भी नहीं देख पाते है

########

208. इंसान के परिचय की शुरुआत भले ही चेहरे से होती होगी लेकिन
उसकी सम्पूर्ण पहचान तो वाणी, विचारों, कार्यों एवं संस्कारों से होती है

209 शब्दों का महत्व तो बोलने के भाव से समझ आता है
अन्यथा “स्वागत” तो पायदान पर भी लिखा होता है

########

210. इंसान को कभी भी अपने वक़्त पर घमंड नहीं करना चाहिए क्योंकि
वक़्त तो उन नोटों का भी नहीं हुआ जो कभी पूरा बाजार खरीदने की ताकत रखते थे

########

211. जो व्यक्ति हर किसी को विश्वास दिलाता है कि
वो उनका खास है वो किसी का भी खास नहीं होता है

########

212. कर्तव्य ही ऐसा आदर्श है जो कभी धोखा नहीं दे सकता और
धैर्य ही एक ऐसा कड़वा पौधा है जिस पर फल हमेशा मीठे आते हैं

########

213 क्षमता" और "ज्ञान" को,
हमेशा अपना "गुरु" बनाओ
अपना "गुरुर" नहीं

########

214. अकेले सुई की फितरत है चुभने की
किन्तु धागे का साथ मिलते ही
जोड़ने, मिलाने का काम करती है
अच्छी संगत..रंगत बदल देती हैं

########

215 मर्यादा रखनी जरूरी है
जब पैसे की कमी हो तब खर्चे में और
ज्ञान की कमी हो तब चर्चा में

########

216 खुद में झाँकने के लिये जिगर चाहिये साहेब
दूसरों की शिनाख़्त में तो हर शख़्स माहिर है जनाब

217 जीवन में जो सबक खाली पेट,खाली जेब और बुरा वक़्त
सिखाता है, वो कोई स्कूल या यूनिवर्सिटी नही सिखाती।

########

218. मुझे तोहफ़े में अपनो का वक्त पसंद है
लेकिन आजकल इतने मंहगे तोहफ़े देता कौन है

########

219 रिश्ता रखना है तो झगड़ा कैसा
और रिश्ता रखना ही नहीं तो झगड़ा कैसा

########

221 हम चाहें तो अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर अपना भाग्य खुद लिख सकते है
और अगर हमको अपना भाग्य लिखना नहीं आता तो परिस्थितियां हमारा भाग्य लिख देंगी|

########

222 कुँऐ का पानी सब फसलों को एक समान मिलता है
लेकिन फिर भी करेला कडवा, गन्ना मीठा और इमली खट्टी होती है
यह दोष पानी का नही है, बीज का है
वैसे ही मनुष्य सभी एक समान है परन्तु
उन पर संस्कारों का असर पड़ता है

########

223. जिंदगी की आधी शिकायते
ऐसे ही ठीक हो जाये अगर लोग
एक दूसरे के बारे में "बोलने" की जगह,
एक दूसरे से "बोलना" सीख जाए

########

224 सहनशीलता हमारी शक्ति का सर्वोच्च स्तर है और"
बदला लेने की इच्छा हमारी कमजोरी की प्रथम निशानी है

225. फर्क बहुत है तेरे और मेरे तालीम मे क्योकि
तूने उस्तादों से सीखा है और मैने हालातों से

########

226 समय ही मनुष्य की योग्यता साबित कर सकता है।
समय ही गलती सुधारता हैऔर अच्छी बातें रखता है ।

########

227 शुरू में वह कीजिए जो आवश्यक है फिर वह कीजिए जो संभव है
और अचानक आप पाएंगे कि आप वह भी करने लगे जो असंभव है

########

228 जीवन में जो शेष है वो ही विशेष है। मानो तो मौज है वर्ना समस्या तो रोज़ है।

########

229. एक सच तजुर्बा ग़लत फैसलों से बचाता है,
उससे भी बड़ा सच है तजुर्बा गलत फैसलों से ही आता है।

########

230 गलतफहमी रखना, गलती करने से ज़्यादा खतरनाक होता है।

########

231. काबिल मित्रों का होना भी शायद तक़दीर होती है
बहुत कम लोगों के हाथों में ये लकीर होती है

########

232. वक़्त गूँगा नहीं बस मौन है। वक़्त आने पे बता देता है किसका कौन है

########

233. शिकायतों की भी इज्जत है
हर किसी से नही की जाती

234. जब दिल में वहम दिमाग में जिद बातों में मुकाबला आ जाए
तो समझ लीजिये रिश्तों की हार निश्चित है

########

235. जीवन ना तो भविष्य में है और ना ही अतीत में,
जीवन तो केवल वर्तमान में है।

########

236. सब्र की जड़े चाहें जैसी भी हो
इसके फ़ल.सदैव मीठे होते हैं

########

237. न बोलना बड़ी बात है, और ना चुप रहना बड़ी बात है
मगर कब बोलना और कब चुप रहना
इसका विवेक रखना ही बड़ी बात हैं

########

238. उनके कर्जदार और वफादार रहिये जो आपके लिए अपना वक्त देते है।
याद रखें कि,
अंजाम की खबर तो कर्ण को भी थी पर बात मित्रता निभाने की थी।

########

239. मित्र के साथ बैठना बहुत आसान है,
परन्तु खड़े रहना बहुत ही मुश्किल है

########

240. सलाह के सौ शब्दो से ज्यादा
अनुभव की एक ठोकर
इंसान को बहुत मजबूत बनाती है

241. कुछ बेतुके झगड़े,
कुछ इस तरह खत्म कर दिए मैंने
जहाँ गलती नही भी थी मेरी,
फिर भी हाथ जोड़ दिए मैनें

########

242. लोग आइना कभी भी ना देखते अगर
आइने में चित्र की जगह चरित्र दिखाई देता।

########

243. मित्र और शत्रु को कभी
विश्वास दिलाने की जरूरत नही होती
क्यों कि
शत्रु कभी यकीन नहीं करेगा
और मित्र कभी शक नहीं करेगा

########

244. ज्यादा बोझ लेकर चलने वाले अक्सर डूब जाते हैं,
फिर चाहे वो बोझ क्रोध का हो, बदले का हो,
या अभिमान का

########

245 "परेशानियाँ चुपचाप चली आती हैं साहेब वरना
"खुशियों" के लिए तो महफ़िले लगानी पड़ती हैं

########

246. "सुलझा" हुआ "मनुष्य" वह है, जो अपने "निर्णय" स्वयं करता है और
उन "निर्णयो" के "परिणाम" के लिए किसी "दूसरे" को "दोष" नही देता

########

247. घर गुलज़ार, सूने शहर, बस्ती बस्ती में कैद हर हस्ती हो गई,
आज फिर ज़िन्दगी महँगी और दौलत सस्ती हो गई ।

248. जहाँ आप कुछ नहीं कर सकते
वहाँ भी एक चीज जरूर
कीजिए, कोशिश

########

249. रिश्तों में "विश्वास" मौजूद हैं तो "मौन" भी समझ आ जायेगा
औऱ "विश्वास" नहीं हैं तो "शब्दों" से भी गलतफहमी हो जाएगी

########

250. कितना भी ज्ञानियों के साथ बैठ लो,
तजुर्बा"बेवकूफ बनने के बाद ही मिलता है।

########

251. संसार में जिन लोगों को "संतान का सुख"
प्राप्त हुआ है वे भाग्यशाली है लेकिन जिन्हें संतान से सुख
प्राप्त हुआ है वे सौभाग्यशाली है

########

252. आपकी सफलता मे "वो" शामिल होते हैं, जिन्हें आप चाहते हैं
लेकिन आपके संघर्ष मे "वो" शामिल होते हैं,जो आपको चाहते है

########

253 ये राहें ले ही जाएंगी, मंज़िल तक हौसला रख
कभी सुना है कि अंधेरे ने सवेरा होने नहीं दिया

########

254. जिस तरह पतझड़ के बिना पेड़ पर नए पत्ते नहीं आते
ठीक उसी तरह कठिनाई और संधर्ष के बिना अच्छे दिन भी नहीं आते

########

255. दुख के दस्तावेज़ हो या सुख की वसीयत
ध्यान से देखेगे तो नीचे ख़ुद के ही दस्तख़त मिलेंगे

256. बिना रिश्ते के जो अजनबी अपने हो जाते हैं,
कभी-कभी खून के रिश्तों से बड़े हो जाते हैं

########

257. जिसे गुणो की पहचान नही है उसकी प्रशंसा से डरो
और जो गुणो का जानकार है उसके मौन से डरो

########

258. कुछ भी नया करने में कभी संकोच मत करना,
यह भी मत सोचना कि तुम्हारी हार होगी,
हार तो कभी होती ही नही है,
क्योंकि या तो जीत मिलती है,
या फिर सीख मिलती है।

########

259. मुर्ख लोगों से बहस करना, ऐसा है जैसे
अपने गाल पर बैठे मच्छर को मारना
मच्छर मरेगा या नहीं कह नहीं सकते
लेकिन आपके गाल पर थप्पड़ ज़रूर लग जाएगा।

########

260. जैसे कोई भी ऐसा ताला नहीं बनाता जिसकी चाबी ना हो।
वैसे ही भगवान कोई ऐसी समस्या नहीं खड़ी करते जिसका समाधान न हो।

########

261. शब्दों की ताकत को उनके आकार से मत आंकिये
एक छोटा सा हां और छोटा सा ना पूरी जिंदगी बदल देता है

########

262. आसान तो कुछ भी नहीं है इस संसार में
एक साँस लेने के लिए भी, पहली साँस छोड़नी पड़ती है

263. बड़े सलीके से बिखरते हैं आजकल ये रिश्ते
क्योंकि तोड़ने वाले पढ़े-लिखे जो होते हैं

########

264. उल्फत बदल गई, कभी नियत बदल गई
खुदगर्ज जब हुए, तो फिर सीरत बदल गई
अपना कुसूर, दूसरों के सर पर डाल कर
कुछ लोग सोचते हैं, हकीकत बदल गई

########

265. भाग्य और झूठ के साथ  जितनी ज्यादा उम्मीद करोगे
वो उतना ही ज्यादा निराश करेगा और
कर्म और सच पर जितना जोर दोगे
वो उम्मीद से सदैव ही ज्यादा देगा

########

266. मदद एक ऐसी घटना है जिसे करे तो लोग भूल जाते है
और ना करे तो लोग याद रखते है।

########

267. सब के पास समान आँखे हैं लेकिन,
सब के पास समान दृष्टिकोण नहीं बस,
यही इंसान को इंसान से अलग करता है

########

268. जब किसी की भी संगत से अगर आपके विचार शुद्ध positive
होने लगे तो समझ लो की सामने वाला साधारण व्यक्ति नहीं है

########

269. प्रशंसक आपकी "स्थिति"देखते हैं और
शुभचिंतक आपकी "परिस्थिति"हैं,

270. उम्र में ओहदे में कौन कितना बड़ा है
कोई फ़र्क नहीं पड़ता
सजदे में लहज़े में
कौन कितना झुकता है,
बहुत फर्क पड़ता है

########

271. दोस्तों की महफ़िल सजे ज़माना हो गया
लगता है जैसे खुल के जिए एक ज़माना हो गया
काश कहीं मिल जाए वो काफिला दोस्तों का
ज़िंदगी जिये एक ज़माना हो गया

########

272. व्यापार हो, परिवार हो समाज हो या रिश्ते
एक दूसरे का सहयोग करते रहेंगे
तो कभी कमजोर नही होंगे,

########

273. जिंदगी परिवर्तनों से ही बनी है,
किसी भी परिवर्तन से घबराएं नहीं,
बल्कि उसे स्वीकार करे
कुछ परिवर्तन आपको सफलता दिलाएंगे
तो कुछ सफल होने के गुण सिखाएंगें

########

274. बादशाह सिर्फ वक्त होता है, इन्सान तो यूँ ही गुरुर करता है

########

275. परेशानी आये तो ईमानदार रहें, धन आ जाये तो सरल रहें,
अधिकार मिलने पर विनम्र रहें क्रोध आने पर शांत रहें,
यही जीवन का उत्तम प्रबंधन कहलाता है।

276. उन व्यक्तियों के जीवन में, "आनंद और शांति", कई गुणा बढ़ जाती हैं
जिन्होंने "प्रशंसा और निंदा" में, एक जैसा रहना सीख लिया हो

277. किताबों की अहमियत अपनी जगह जनाब,
सबक वही याद रहता है जो वक़्त और लोग सिखाते है

########

278. शब्द चाहे कितने ही हों हमारे पास मगर
किसी के मन को खुश न कर सकें तो व्यर्थ हैं

########

279. कुछ कह गए, कुछ सह गए,
कुछ कहते कहते रह गए
मै सही तुम गलत के खेल में,
न जाने कितने रिश्ते ढह गए

########

280. सब से घटिया आदमी वो है जो पहले दोस्त बनकर सारे दिल के भेद जानले और
फिर दुश्मनों की तरह उनका दुरूपयोग कर लोगो में मजाक बनवाता रहे
और हानि पहुंचाने की चेष्टा करे

########

281. भावनायें ही तो है जो दूर रहकर भी
अपनों की .नज़दीकियों का
अहसास कराती हैं वर्ना दूरी तो
दोनों आँखों के बीच भी है

########

282. ज़िंदगी में थोड़ा खालीपन बहुत जरूरी है क्योंकि
यही वो समय है जहाँ हमारी मुलाकात हमसे होती है

283. बड़ा होने के लिए हमेशा मर्यादा में रहना पड़ता है क्योंकि
हर बड़ी कंपनी के नाम में भी आखिरी में लिमिटेड लिखा होता है

########

284. समझ ज्ञान से ज्यादा गहरी होती है
बहुत से लोग आपको जानते हैं
परंतु कुछ ही आपको समझते हैं

########

285. ना जाने कौन सी साजिशो का हम शिकार हो गए
जितना दिल साफ रखा उतने ही दाग़दार हो गए

########

286. जब कोई आपसे नफरत करने लग जाये,
तो समझ लेना वो आपका मुकाबला नही कर सकता

########

287. बातचीत यूँ तो शब्द ही है
पर की जाए तो दिलों के कई मैल धुल जाते हैं

########

288. ना फिसलो इस उम्मीद में कि कोई तुम्हें उठा लेगा
सोच कर मत डूबो दरिया में कि तुम्हें कोई बचा लेगा
ये दुनिया तो एक अड्डा है तमाशबीनों का दोस्तों
अगर देखा तुम्हें मुसीबत में,तो हर कोई यहां मज़ा लेगा

########

289. दिल से नाजुक नही दुनिया में कोई चीज साहब
लफ्ज़ का वार भी, खंजर की तरह लगता है

290. सही फ़ैसला भी गलत समझा जायेगा यदि वह देर से लिया गया है
जीवन समय का खेल है समय का आदर कीजिए समय आपका आदर करेगा

########

291. शब्द भी क्या चीज है
महके तो लगाव और
बहके तो घाव

########

292. मेरी तो आदत थी
दूध में शक्कर की तरह घुल मिल जाने की``
पर मुझे तो याद ही नहीं रहा कि
ज़माना तो शुगर फ़्री का हो गया है

########

293. आँख के अँधे को दुनिया नहीं दिखती
काम के अँधे को विवेक नहीं दिखता
मद के अँधे को अपने से श्रेष्ठ कोई नहीं दिखता
और स्वार्थी को कहीं भी दोष नहीं दिखता

########

294. सीमेंट से भी एक सीख मिलती है
जोड़ने के लिए नर्म होना ज़रूरी है और
जोड़े रखने के लिए सख़्त होना जरूरी है

########

295. रिश्ते निभाने के लिए बुद्धि नहीं
दिल की शुद्धि होनी चाहिये
सत्य कहो, स्पष्ट कहो, सम्मुख कहो
जो अपना हुआ तो समझेगा,
जो पराया हुआ तो छुटेगा

296. गुणवान मनुष्य के संपर्क में रहकर सामान्य मनुष्य भी गौरव प्राप्त करता है,
जैसे की फूलों के हार में रहकर "धागा" भी "मस्तक" के ऊपर स्थान प्राप्त करता है

########

297. ना क़द बड़ा ना पद बड़ा
मुसीबत में जो साथ खड़ा
वो सबसे बड़ा।

########

298. गलती जीवन का एक पन्ना है लेकिन रिश्ता पूरी किताब है
जरुरत पड़ने पर गलती का पन्ना फाड़ देना
लेकिन एक पन्ने के लिए पूरी किताब कभी ना खो देना

########

299. सलाह पर सोचना चाहिए
कोई भी इंसान इसलिए सलाह नहीं देता कि वह ज़्यादा समझदार है
बल्कि इसलिए देता है कि उसने ज़िंदगी में ग़लतियाँ आपसे ज़्यादा की हैं

########

300. जरा ध्यान से सोचो रेत में गिरी हुई चीनी
चींटी तो उठा सकती है पर हाथी नहीं
इसलिए
कभी किसी को भी छोटा ना समझें
कभी कभी छोटा भी
बहुत बड़ा काम कर जाता है

########

301. जल्दी जागना हमेशा फ़ायदेमंद होता है
चाहे वो नींद से हो या अहम से या फिर वहम से हो

########

302. खुशी का पहला उपाय
पुरानी बातों को ज़्यादा
न सोचा जाए

303. कभी-कभी आप बिना कुछ गलत किये भी बुरे बन जाते हैं
क्योंकि  जैसा लोग चाहते थे, आप वैसा नहीं करते

########

304. चर्चा और आरोप ये दो चीजें
सिर्फ सफल व्यक्ति के भाग्य में होती हैं

########

305. समय और समझ दोनो एक साथ बस क़िस्मत वालों को ही मिलते हैं क्योंकि
अक्सर समय पर समझ नहीं आती और समझ आने पर समय निकल जाता है

########

306. जिन्दगी में दो लोगों का होना बहुत ज़रूरी है
एक कृष्ण जो ना लड़े फिर भी जीत पक्की कर दे
दूसरा कर्ण जो हार सामने हो फिर भी साथ ना छोड़े

########

307. फर्क सिर्फ सोच का होता हैं
सकारात्मक या नकारात्मक
वरना सीढियां वही होती है
जो किसी के लिए ऊपर जाती हैं,
और किसी के लिए नीचे आती हैं

########

308. व्यक्तित्व की भी अपनी वाणी होती है
जो कलम या जीभ के इस्तेमाल के बिना भी
लोगों के अंर्तमन को छू जाती है

########

309. बहुत मुश्किल काम है हर रिश्ते को खुश रखना
चिराग जलाते ही अंधेरे रूठ जाते हैं

310. इंसान तब समझदार नहीं होता जब वो बड़ी बड़ी बातें करने लगे,
बल्कि समझदार तब होता है, जब वो छोटी-छोटी बातें समझने लगे

########

311. चमचा जिस बर्तन में रहता है
उसे ही खाली करता है

########

312. न करो जुर्रत, किसी के वक्त पे हँसने की कभी
ये वक्त हे जनाब, चेहरे याद रखता है

########

313. सफलता एक ट्रेन की तरह है जिसमें मेहनत, एकाग्रता, भाग्य आदि रूपी कई डब्बे हैं
लेकिन इन सब डब्बों को आगे बढ़ाने वाला इंजन आत्मविश्वास है
आज से हम अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएँ

########

314. व्यापार हो, परिवार हो, समाज हो या रिश्ते
एक दूसरे का सहयोग करते रहेंगे
तो कभी कमजोर नही होंगे,

########

315. डरते थे कभी तन्हाई से बीमार न पड़ जायें
अब महफ़िलो से ख़ौफ़ है कि रोग न ले आये

########

316. मनुष्य के पास सबसे बड़ी पूंजी खुद के अच्छे विचार हैं
क्योंकि धन और बल किसी को भी गलत राह पर ले जा सकते हैं
किन्तु अच्छे विचार सदैव अच्छे कार्यो के लिए ही प्रेरित करेंगे

########

317. जो भी व्यक्ति आपको नीचे खींचने की कोशिश कर रहा है,
वो पहले से हीआपके नीचे है।

########

318. वक़्त इज़्ज़त और एतबा ऐसे परिंदे हैं
जो एक बार उड़ जाएँ तो वापस नहीं आते

########

319. जिदंगी में इतनी गलतियां न करो कि
पेंसिल से पहले रबर घिस जाए
और रबर को इतना मत घिसो कि
जिदंगी का पेज ही फट जाए

########

320. कमाई की परिभाषा सिर्फ
धन से ही तय नहीं होती,
तजुर्बा, रिश्ते, प्रेम,सम्मान,सबक,
सब कमाई के ही रूप हैं।

########

321. सार्थक और प्रभावी उपदेश वह हैं जो अपने वाणी से नहीं
अपने आचरण से प्रस्तुत किया जाता हैं

########

322. देश में राजा समाज में गुरु परिवार में पिता घर में स्त्री जीवन मैं दोस्त
ये कभी साधारण नहीं होते क्योंकि निर्माण और प्रलय इन्हीं के हाथ में होता है

########

323. शिष्टता की कोई कीमत नहीं देनी पड़ती किंतु वह खरीद सबकुछ सकती है

########

324. वो "सपने" भी क्या सपने
जिनको पूरा करने के लिये
अपनों से ही छल करना पड़े।

325. जिन्हें मंजिलों की फिक्र होती है वह
रास्ते में पड़ी लॉलीपॉप नहीं चूसते हैं

########

326. रिश्ते तो सूरज मुखी के फूलों कीतरह होते है
जिधर प्रेम मिले उधर ही घूम जाते है

########

327. सुख पाने के लिए हम इच्छाओं की कतार लगाएं या आशाओं के अम्बार,
परंतु सुख का ताला तो केवल और केवल संतुष्टि की चाबी से ही खुलता है

########

328. वस्तुएं बल से छीनी या धन से खरीदी जा सकती है,
लेकिन विद्या केवल अध्ययन से ही प्राप्त होती है।

########

329. सभी शब्दों का अर्थ मिल सकता है परन्तु जीवन का अर्थ
जीवन जी कर औरसबंध का अर्थ सबंध निभाकर ही मिल सकता है।

########

330. बड़ों की सलाह पर सोचना चाहिए
कोई भी इंसान इसलिए सलाह नहीं देता कि, वह ज़्यादा समझदार है
बल्कि इसलिए देता है कि, उसने ज़िंदगी में ग़लतियाँ आपसे ज़्यादा की हैं

########

331. ताक़त और पैसा ज़िन्दगी के फल हैं जबकि
परिवार और मित्र जिन्दगी की जड़ हैं
हम फल के बिना अपने आप को चला सकते हैं
लेकिन जड़ के बिना खड़े भी नहीं हो सकते है

########

332. खुद को बिखरने मत देना कभी किसी हाल में
लोग गिरे हुए मकान की ईटें तक ले जाते है
अजीब तरह के लोग हैं, इस दुनिया मे
अगरबती भगवान के लिए खरीदते हैं,
और खुशबू खुद की पसंद की तय करते हे

########

333. जब ज़िंदगी और सपनों के बीच मोल भाव चल रहा हो तो
सपने बेच डालो ज़िंदगी नही
ज़िंदगी रही तो सपने फिर खरीद लेंगे

########

334. सब्र और सहनशीलता कोई कमज़ोरियाँ नहीं होती है
यह वो ताकते है जो सब में नहीं होती हैं

########

335. जीवन में सफल होने का
सबसे बढ़िया तरीका है
उस नसीहत पर काम करना
जो हम दूसरों को देते है

########

336. कुछ कमियां मुझ में भी थी कुछ कमियां लोगों में थी
फर्क सिर्फ इतना सा था कि वो गिनते रहे,
और हम नजर अंदाज करते रहे

########

337. अच्छा इंसान होना बहुत मुश्किल है
वो एक गोल कीपेर की तरह है
उसने कितने गोल बचाए यह कोई याद नहीं रखता
लेकिन उसने कितने गोल खाए यह सब याद रखते हैं

########

338. कोई चाहे कितने भी दांव पेंच खेल ले
आखिर में हुकुम का इक्का कुदरत ही फेंकती है

########

339. उसने की एक छोटी भूल और हम ने
वो याद रखकर की बड़ी भूल

########

340. खुशी के लिये बहुत कुछ इकट्ठा करना पड़ता है
ऐसा हम समझते है
किन्तु हकीकत में खुशी के लिए बहुत कुछ छोड़ना पड़ता हैं
ऐसा अनुभव कहता है

########

341. "ज़िंदगी" की "तपिश" को
"सहन" कीजिए "जनाब",
अक्सर वे "पौधे" "मुरझा" जाते हैं,
जिनकी "परवरिश" "छाया" में हो हैं

########

342. सच्चे और शुभचिंतक लोग हमारे जीवन में
सितारों की तरह होते है वो चमकते तो सदैव ही रहते है,
परंतु दिखायी तभी देते है जब अंधकार छा जाता है

########

343. कहो उसी से जो कहे ना किसी से
माँगो उसी से जो दे दे ख़ुशी से
चाहो उसे जो मिले किस्मत से
दोस्ती करो उसी से जो निभाए हंसी से।

########

344. वक्त उतना ही देना चाहिए किसी को
जितनी जरूरत हो, वरना
ना आपकी कदर होती है,
ना आपके वक्त की

345. ज़र्रे ज़र्रे में रब की निगाहें करम हैं
कभी ये नहीं कहना कि औरों पर ज्यादा और
मुझ पर कम है

########

346. इस तरह मुस्कुराने की आदत डालिये कि
परिस्थिति भी आपको परेशान
कर - कर के थक जाए  और जाते जाते जिंदगी भी
मुस्कुरा कर बोले आप से मिल कर खुशी हुई

########

347. जिस समय से हमारा मन अपने और दूसरों के लिए
शुभ सोचना प्रारंभ कर देता है,
शांति उसी समय से हमारे जीवन में प्रविष्ट हो जाती है

########

348. एकांत ईश्वर का दिया सबसे,
नायाब" तोहफा है और
अकेलापन दुनिया की दी हुई
सबसे बड़ी सजा है

########

349. रिश्ते और रास्ते तब ख़त्म हो जाते हैँ
जब पाँव नहीं    दिल थक जाते है

########

350. शुक्रिया अदा करना और माफ़ी माँगना
दो गुण जिस व्यक्ति के पास है वो सबके क़रीब
और सबके लिए अजीज़ होता है

351. नफरत करके क्यो बढ़ाते हो
अहमियत किसी की
माफ करके शर्मिंदा करने का
तरीका भी तो कुछ बुरा नहीं

########

352. कभी कभी उदासी की आग हैं जिंदगी
कभी कभी खुशियों का बाग हैं जिंदगी
हंसता और रुलाता राग हैं जिंदगी
कड़वे और मीठे अनुभवों का स्वाद हैं जिंदगी
पर अंत मे तो अपने किये हुए कर्मो का हिसाब है जिंदगी

########

353. जो उड़ते हैं अहम् के आसमानों में
उनके जमीं पर आने में वक़्त नहीं लगता
हर तरह का वक़्त आता है ज़िंदगी में
वक़्त के गुज़रने में वक़्त नहीं लगता

########

354. नदी में गिरने से कभी भी किसी की मौत नहीं होती
मौत तो तब होती है जब उसे तैरना नहीं आता
ठीक उसी तरह परिस्थितियाँ कभी भी हमारे लिए
समस्या नहीं बनती समस्या तो तब बनती हैं
जब हमें परिस्थितियों से निपटना नहीं आता

########

355. जो बहुत सीमित होते हैं, अपने शब्दों में
वो बहुत विस्तृत होते हैं, अपने अर्थों में

########

356. दिल पे हरगिज़ ना लीजिए अगर कोई आपको बुरा कहे
कायनात में ऐसा कोई है ही नहीं जिसे हर शख्स अच्छा कहे

357. रहने दो मुझको यूँ उलझा हुआ सा अपने दोस्तों में,
सुना है सुलझ जाने से धागे अलग अलग हो जाते हैं

########

358. खुद को खुश रखने के तरीके खोजें
तकलीफें तो आपको खोज ही रही हैं

########

359. लोग बुराई करेंऔर आप दुखी हो जाओ
लोग तारीफ करेंऔरआप सुखी हो जाओ
मतलब आपके सुख दुख का स्विच लोगों के हाथ में है
कोशिश करें यह स्विच आपके हाथ में हो

########

360. बुराई वो ही करते हैं जो बराबरी नहीं कर सकते
बस एक तजुर्बा लिया है ज़िन्दगी से
अपनों के नज़दीक रहना है तो खामोश रहो

########

361. माँ बाप के साथ आपका किया गया हर सुलूक वो निबंध है
जिसे लिखते तो आप हैं पर आपकी संतान आपको पढ़कर सुनाती है

########

362. तू हँस, तू मुस्कुरा और रोना कम कर दे
जिंदा है तू, जिंदगी की नाक में दम कर दे

########

363. मेरी औकात से बढ़कर मुझे कुछ ना देना मेरे कान्हा जी
क्योंकि,
जरूरत से ज्यादा रोशनी भी इंसान को अंधा बना देती है

364. मन सभी के पास होता है मगर मनोबल
कुछ लोगों के पास ही होता है

########

365. वो धागा ही तो था जिसने
छिपकर पूरा जीवन मोतियों को दे दिया,
और ये मोती अपनी तारीफ़ पर
इतराते रहे उम्र भर

########

366. कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा देने वाले
श्रेष्ठ गुण हैं, जो व्यक्ति साहस के साथ
उनका सामना करते हैं,वे सदैव सफल
होते हैं

########

367. पन्नों की तरह दिन पलटते जा रहें हैं
खबर नहीं कि ये आ रहें हैं या जा रहे हैं

########

368. बहुत कुछ सिखाया ज़िन्दगी के
सफर ने अनजाने में
वो किताबो में दर्ज़ था ही नही
जो पढ़ाया सबक ज़माने ने

########

369. बहुत कम लोग जानते है कि वो कम जानते हैं।

########

370. दुनिया क्या सोचेगी इससे ऊपर उठें
ज़िंदगी सुकून का दूसरा नाम हो जाएगी

371. अच्छे तो सभी होते हैं,
बस पहचान बुरे वक्त में होती है।

########

372. अनुभव गलत निर्णयों से बचाता है लेकिन
उससे भी बड़ा सच यह है कि अनुभव गलत निर्णयों से ही आता है

########

373. सुख प्राप्त करने की चाह में आदमी मकान बदलता है, दुकान बदलता है
कभी-कभी देश बदलता है तो कभी-कभी भेष भी बदलता है
लेकिन अपनी सोच, अपना स्वभाव बदलने को राजी नहीं है

########

374. अगर एक दिन भी ऐ सा बीते कि आप क़ो परेशानी ना हुई हो
तो आप को समंझ लेना चहिए किआप ग़लत रास्ते पर हो

########

375. इतनी मेहरवानी मेरे ईश्वर बनाये रखना
जो रास्ता सही हो उसीपर चलाये रखना
न दिल दुखे किसी का मेरे शब्दों से,
इतना रहम तू मेरे भगवान मुझे पे बनाये रखना

########

376. किताबों सी शख़्सियत दे दे मेरे मालिक
ख़ामोश भी रहूँ और सब कुछ बयां कर दूँ

########

377. आलोचना मे छिपा हुआ "सत्य और प्रशंसा में छिपा "झूठ"
यदि मनुष्य समझ जाये तो आधी समस्याओं का समाधान
अपने आप हो जायेगा।।

378. क्यों करता है मुसाफिर तू हर मोड़ पर सवाल
यक़ीन मान रास्ते बनाने वाले ने मन्ज़िल भी बना रखी है

########

379. जब आप ऊंचाइयों की सीढ़ियां चढ़ रहे हों तो पीछे छूटे लोगों से बहुत
अच्छा व्यवहार करें।क्योंकि उतरते समय ये सभी रास्ते में फिर मिलेंगे

########

380. फूल चाहे कितनी भी ऊँची टहनी पर लग जाये,
लेकिन मिट्टी से जुड़ा रहता है तभी खिलता है

########

381. नाराज़गियों को कुछ देर
चुप रह कर मिटा लिया करो
ग़लतियों पर बात करने से
रिश्ते उलझ जाया करते हैं

########

382. पीठ हमेशा मजबूत रखनी चाहिए क्यूँकि
शाबासी और धोखा दोनों पीछे से ही मिलते हैं

########

383. अपने कर्म पर विश्वास रखिए राशियों पर नही
राशि तो राम और रावण की भी एक ही थी
लेकिन नियती ने उन्हें फल उनके कर्म अनुसार दिया

########

384. मजबूर और मजबूत में ज्यादा फर्क नही है
स्वार्थी मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपकोमजबू बना देगा
औरसच्चे मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूत बनाएगा

385. अपने "करीबी" से कोई अपेक्षा रखना गुनाह नहीं है,
लेकिनअपेक्षा के लिए किसी को क़रीबी बनाना गुनाह है

########

386. बहुत मुश्किल नहीं है ज़िन्दगी की सच्चाई समझना,
जिस तराजू पर दूसरो को तोलते हैं उस पर कभी खुद बैठ के देखिये

########

387. आवाज की पहुँच बस कान तक होती है
ओर खामोशी की आसमान तक

########

388. हृदय से अच्छे लोग बुद्धिमान होने के बावजूद
धोखा खा जाते हैं,क्योंकि वो दूसरों के भी
हृदय से अच्छे होने का विश्वास कर बैठते हैं

########

389. हर दोस्त से बात करना फ़ितरत है हमारी
हर दोस्त ख़ुशरहे यह हसरत है हमारी
कोई हमें याद करे या ना करे
पर सबको याद करना आदत है हमारी

########

390. अंदाज़ से न नापिए किसी इंसान की हस्ती को
ठहरे हुए दरिया अक्सर बहुत गहरे हुआ करते हैं

########

391. एक उड़ते हुए गुब्बारे पर क्या खुब
लिखा था वह जो बाहर है वह नही
लेकिन वह जो भीतर है वही
आपको ऊपर ले जाता है

392. चार किताबें पढ़कर ज़िंदगी में कुछ हासिल न हुआ,
बिना ठोकरें खाये यहां कोई काबिल न हुआ।

########

393. जिंदगी एक सफर है, आराम से चलते चलो,
उतार चढ़ाव तो आते रहेंगे, बस गियर बदलते रहो

########

394. जिसकी जैसी नीयत हैं वो वैसी कहानी रखता हैं
कोई परिंदों के लिये बंदूक तो कोई,
परिंदों के लिये पानी रखता हैं

########

395. मेहमान देखकर मान और सम्मान बदल जातें हैं
चढ़ावा कम हो तो आशीष और वरदान बदल जाते हैं
वक्त पर मन की मनोकामना पूरी अगर न हो तो
भक्तों की भक्ति मंदिर और भगवान बदल जाते हैं

########

396. हँसते हुये चेहरों का अर्थ ये नहीं कि इनके जीवन में दुखों की अनुपस्थिति है बल्कि इनके अन्दर परिस्थितियों को सँभालने की क्षमता है॥

########

397. मेहनत और भाग्य एक ही लॉकर की दो चाबियाँ हैं
आप अपनी मेहनत की चाबी लगाते रहिये,
किस्मत की चाबी प्रभु के हाथों में है

########

398. पुण्य किसी को कभी भी दगा नहीं देता
और पाप किसी का कभी भी सगा नहीं होता

399. जैसे फल और फूल किसी की प्रेरणा के बिना ही
अपने समय पर वृक्षों में लग जाते है
उसी प्रकार किये हुए अच्छे और बुरे कर्म भी अपने आप
जीवन में स्वतः फल देने आते रहते हैं

########

400. मैं रास्ते से गुजर रहा था कि सामने से एक परिचित मिल गए
उन्होंने मुझसे कहा- मजे में हो मैंने जवाब दिया-आनन्द में हूँ
तो उन्होंने कहा- दोनों में क्या फर्क है
तो परिचित को बताना पड़ा कि मजे के लिए पैसा चाहिये
और आनन्द के लिए परिवार और मित्र चाहिये

########

401. आंख मे पड़ा हुआ तिनका पैर में चुभा हुआ कांटा और
रुई मे दबी हुई आग से भी भयानक है
हृदय मे छुपा हुआ कपट

########

402. परिंदे शुक्रगुज़ार हैं पतझड़ के भी
तिनके कहां से लाते अगर सदा बहार रहती

########

403. झाड़ू में जब तक बन्धन होता है तब तक वो कचरे को साफ करता है
बन्धन खुल जाने पर झाड़ू खुद कचरा बन जाता है
इसलिये हमेशा अपनों से बंधे रहिये
एक, एक से हम अनेक बनते है, इस बंधन को बनाए रखें। अपना और अपनों का ख़्याल

########

404. गलती "करने के लिये.कोई भी समय "सही" नहीं और
गलती "सुधारने के लियें"कोई भी समय "बुरा" नहीं

405. सोना रखने के लिए लॉकर मिल जाएगा  रुपये रखने के लिए बैंक मिल जाएगा
पर दिल की बात कहने के लिए सही मित्र बडी मुश्किल से मिलता है

########

406. जुबां से माफ करने में वक्त नहीं लगता
दिल से माफ करने में उम्र बीत जाती है

########

407. श्रेय मिले न मिले अपना श्रेष्ठ देना कभी बंद न करें
आशा चाहे कितनी भी कम हो, निराशा से बेहतर होती है

########

408. ज़रा सा"पैर जो फिसला इल्ज़ाम उसी चप्पल पर  लगाया सबने
महीनों तपती जमीन और कांटों से बचाया जिसने

########

409. जिंदगी कैसी अजीब सी हो गई है खुश दिखना
खुश होने से ज्यादा जरुरी हो गया है

########

410. कभी धोखा नहीं दे सकता और
धैर्य ही एक ऐसा कड़वा पौधा है
जिस पर फल हमेशा मीठे आते हैं

########

411. बातें नहीं काम बड़े करो
क्योंकि लोगो को सुनाई कम
और दिखाई ज्यादा देता है।

412. बीते कल का पछतावा और
आने वाले कल की चिंता
यह दो ऐसे चोर हैं जो हमारी
आज की खुशी चुरा ले जाते हैं।

413. मैं चलता गया, रास्ते मिलते गये
राह के काँटे फूल बनकर खिलते गये
ये जादू नहीं, आशीर्वाद है मेरे अपनों का
वरना उसी राह पर लाखों फिसलते गये

########

414. जब मन कमजोर होता है परिस्थितियां समस्या बन जाती हैं
जब मन स्थिर होता है परिस्थितियां चुनौती बन जाती हैं
जब मन मजबूत होता है परिस्थितियां अवसर बन जाती हैं

########

415. स्वीकार करने की हिम्मतऔर सुधार करने की नीयत हो तो
इंसान बहुत कुछ सीख सकता है हमको कितने लोग पहचानते है
उसका महत्व नहीं है लेकिन क्यों पहचानते है इसका महत्व है

########

416. ऊँचाई पर पहुँचने के लिए पहले जमीन पर दौड़ना पड़ता है
विश्वास नहीं हो तो हवाई जहाज को देख लीजिए

########

417. जिंदगी एक ऐसी रेखाचित्र है
जिसको बनाने के बाद निखारने
के लिए रबर को नहीं
स्वयं को घिसना पड़ता है

418. हर किसी को मैं खुश रख सकूँ ये सलीक़ा नहीं आता
जो मैं नहीं हूँ वो दिखाने का तरीका नहीं आता

########

419. न ज़िन्दगी वापस आती है न ज़िन्दगी में आए हुए लोग
कई बार तबीयत दवा लेने से नहीं बल्कि
हालचाल पूछने से भी ठीक हो जाती है
कहिये कैसे हैं आप जनाब

########

420. सूर्य बोलता नहीं उसका प्रकाश परिचय देता है
ठीक उसी प्रकार आप अपने बारे में कुछ न बोलें
अच्छे कर्म करते रहें वही आपका परिचय देंगे

########

421. अच्छे लोगो की संगत में रहो सुनार का कचरा भी
बनिये की "बादाम" से मंहगा होता है

########

422. नहीं खाई ठोकरें सफर में तो मंजिल की अहमियत कैसे जानोगे
अगर नही टकराए गलत से तो सही कैसे पहचानोगे

########

423. किसी में कोई कमी दिखाई दे तो उससे बात करें
मगर हर किसी में कमी दिखाई दे तो खुद से बात करें

########

424. मोहरे हैं हम सब यहाँ ये ज़िन्दगी की बिसात है;
एक कदम पर शह है और एक कदम पर मात है

########

425. असफलता के समय आंसू पोछने वाली एक ऊँगली उन दस उँगलियों से
अधिक महत्वपूर्ण है, जो सफलता के समय एक साथ ताली बजाती हैं

426. पानी की एक बूंद गर्म तवे पर पड़े तो मिट जाती है
कमल के पत्ते पर गिरे तो मोती की तरह चमकने लगती है
शीप में आये तो खुद मोती सी बन जाती है
पानी की बून्द तो वही है, बस संगत का फर्क है

########

427. हर कोई चंदन नहीं होता कि सुगंधित कर सके
कुछ नीम के पेड़ भी हैं जो सुगंधित तो नहीं करते
पर काम बहुत आते हैं

########

428. अहंकार और संस्कार में फ़र्क़ है
अहंकार दूसरों को झुकाकर कर खुश होता है,
संस्कार स्वयं झुककर खुश होता है।

########

429. सिलाई मशीन में धागा न डालने पर वो चलती जरूर है पर कुछ सिलती नहीं
उसी प्रकार जिंदगी में प्यार नही डालोगे तो जिंदगी चलेगी ज़रूर
पर रिश्तो को जोड नहीं पायेगी

########

430. खुद की समझदारी ही अहमियत रखती है,
वरना अर्जुन और दुर्योधन के गुरु तो एक ही थे

########

431. चिंता पूरी तरह समय की बर्बादी है यह कुछ भी नही बदल सकती
लेकिन निश्चिंत रूप से आपको कुछ भी न करने देने में व्यस्त जरूर रखेगी

########

432. एकत्रित भी उन्हीं के पास होता है वितरण करना जानते हैं
वो चाहे भोजन हो प्यार हो या सम्मान

433. इंसान एक दुकान है और जुबान उसका ताला
ताला खुलता है तभी मालूम होता है कि
दुकान सोने की है या कोयले की

########

434. गीता और समुद्र दोनों ही गहरे हैं पर दोनों की गहराई में एक फर्क है
समुद्र की गहराई में इंसान मर जाता है
और गीता के गहराई इंसान तर जाता है

########

435. खुद मझधार में होकर भी
जो औरों का साहिल होता है
ईश्वर जिम्मेदारी उसी को देता है
जो निभाने के काबिल होता है

########

436. हमेशायाद रखना बेहतरीन दिनो के लिये
बुरे दिनों से लड़ना पड़ता है

########

437. जिंदगी में जीत और हार तो हमारी सोच बनाती है
जो मान लेता है वो हार जाता है
जो ठान लेता है वो जीत जाता है

########

438. क्या गज़ब का नज़ारा है इस संसार का,
हर कोई सब कुछ बंटोरने में लगा है खाली हाथ जाने के लिए

########

439. जो व्यक्ति हमेशा यह कहे कि मेरे पास समय नहीं है
वास्तव में वह व्यस्त नहीं अपितु अस्त-व्यस्त है

440. व्यवहार अगर अच्छा है तो मन ही मन्दिर है
आहार अगर अच्छा है तो तन ही मंदिर है
विचार अगर अच्छे हैं तो मष्तिष्क ही मंदिर है
यह तीनों अगर अच्छे हैं तो जीवन" ही मंदिर है

########

441. वक्त, ख्वाहिशें और सपने
हाथ में बंधी घडी की तरह होते हैं
जिसे हम उतार कर रख भी दें
तो भी उनका चलना रुकता नहीं

########

442. कल से सीखें आज के लिए जियें
कल के लिए उम्मीद करें क्योंकि
आज है जो, वही सच है
कल जो होगा, वो उम्मीद होगी

########

443. यदि संतुष्ट और प्रसन्न रहना चाहते हो तो श्रेय लेने की इच्छा का त्याग कर दो।

########

444. सत्य को सदैव तीन चरणो से गुजरना होता है
उपहास विरोध अन्ततः स्वीकृति

########

445. नसीहत वो सच्चाई है जिसे हम कभी ध्यान से नहीं सुनते
और तारीफ वो धोखा है, जिसे हम ध्यान से सुनते हैं

########

446.. अनुभव सच में एक बेहतरीन स्कूल है
बस कम्बख़त फीस बहुतलेता है

447. सही मौके पर खड़े होकर बोलना एक साहस है
उसी प्रकार खामोशी से बैठकरदूसरों को सुनना भी
एक साहस है

########

448. हसरतें कुछ और हैं वक्त की इल्तजा कुछ और है
कौन जी सका है ज़िन्दगी अपने मुताबिक
दिल चाहता कुछ और है होता कुछ और है

########

449. जिंदगी एक ऐसी रेखा चित्र है
जिसको बनाने के बाद निखारने
के लिए रबर को नहीं
स्वयं को घिसना पड़ता है

########

450. सम्मान का दरवाज़ा इतना छोटा और तंग होता है कि
उसमें दाखिल होने से पहले सिर को झुकाना पड़ता है

########

451. संसार मे बड़ा आदमी वही कहलाता है
जिससे मिलने के बाद कोई इंसान
खुद को छोटा महसूस न करे

########

452. सोच ही आपको बड़ा बनाती है
यदि गुलाब की तरह
खिलना चाहते है तो
काँटों के साथ तालमेल की
कला सीखनी होगी

453. जीवन में ऐसी सोच रखिये, जो खोया उसका गम नहीं,
पर जो पाया है वह किसी से कम नहीं,
जो नहीं है वह एक ख्वाब है,पर जो है वह लाजवाब है

########

454. अच्छाई एक न एक दिन अपना असर जरूर दिखाती है,
भले ही थोड़ा वक्त ले ले
बस सब्र का दामन थाम कर रखें, वक्त आपका ही होगा

########

455. बात इतनी मीठी रखो की,
कभी वापिस लेनी पड़ जाए तो
ख़ुद को भी कड़वी ना लगे

########

456. जीवन में सुख साधन से संपन्न व्यक्ति भाग्यशाली होते हैं
लेकिन  परम सौभाग्यशाली वो होते हैं जिनके पास
भोजन के साथ भूख भी हो "बिस्तर के साथ नींद भी हो
धन के साथ धर्म भी हो"और"विशिष्टता के साथशिष्टता भी हो

########

457. जिस दिन हम ये समझ जायेंगे कि सामने वाला गलत नहीं है
सिर्फ उसकी सोच हमसे अलग है
उस दिन जीवन से दुःख समाप्त हो जायेंगे

########

458. जो व्यक्ति स्पष्ट और सीधी बात करता है
उसकी वाणी कठोर जरूर होती है
लेकिन वो कभी धोखा नहीं देता

########

459. अच्छे लोगो का स्वभाव गिनती के शून्य जैसा होता है
शून्य की कोई कीमत नहीं होती है
परन्तु वह जिसके साथ रहता है
उसकी कीमत बढ़ा देता है ।

########

460. समय एक ऐसी गाड़ी है, जिसमें ब्रेक ही नहीं है
और रिवर्स गियर भी नहीं है

########

461. वक़्त सबको मिलता है
ज़िन्दगी बदलने के लिए
पर ज़िन्दगी दोबारा नहीं मिलती
वक़्त बदलने के लिए

########

462. अच्छा वक़्त सिर्फ उसी का होता है जो कभी किसी का बुरा नहीं सोचते
सुख दुख तो अतिथि है बारी बारी से आयेंगे चले जायेंगे
यदि वो नहीं आयेंगे तो हम अनुभव कहां से लायेंगे
जिन्दगी को खुश रहकर जिओ
क्योकि रोज शाम सिर्फ सूरज ही नही ढलता आपकी अनमोल जिन्दगी भी ढलती है

########

463. जो औरो को इज्जत देते हैं,
असल में वे खुद इज्जतदार होते हैं

########

464. खुशी के लिये बहुत कुछ इकट्ठा करना पड़ता है
ऐसा हम समझते है
किन्तु हकीकत में "खुशी" के लिए बहुत कुछ छोड़ना पड़ता हैं,
ऐसा अनुभव कहता है..

465. समुद्र सा विश्वास मिले तो
कुछ बुंदो को क्या रोना
मन का सयंम बना रहे तो
क्या चाँदी क्या सोना

########

466. ज़मीर जिन्दा रख कबीर जिंदा रख
सुल्तान भी बन जाये तो  दिल में फ़कीर जिंदा रख
हौसले के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख
हार जा चाहे जिंदगी में सब कुछ मगर फिर से
जीतने की उम्मीद जिंदा रख

########

467. जिंदगी में समस्या तो हर दिन नई खड़ी है,
जीत जाते है वो जिनकी सोच कुछ बड़ी है
. आओ आज मुश्किलों को हराते हैं,
चलो, आज दिन भर मुस्कुराते हैं

########

468. कभी किसी के चहरे को मत देखो बल्कि उसके मन को देखो, क्योंकि
अगर सफेद रंग में वफा होती' तो नमक जख्मों की दवा होती

########

469. जैसे जैसे नाम आपका ऊंचा होता है,
वैसे वैसे शांत रहना सीखिए
क्योंकि आवाज हमेशा सिक्के ही करते है,
नोटों को कभी बजते नहीं देखा

########

470. आजकल लोग समझते कम और
समझाते ज्यादा है इसलिए तो रिश्ते
सुलझते कम और उलझते ज्यादा हैं

471. जिंदगी मे चुनौतियाँ हर किसी के हिस्से नहीं आती
क्योकि किस्मत भी किस्मत वालो को ही आज़माती है

########

472. जल्दी मिलने वाली चीजे ज़्यादा दिन तक नहीं चलती
औरजो चीजे ज़्यादा दिन तक चलती है वो जल्दी नहीं मिलती

########

473. व्यक्ति का व्यवहार देखना हो, तो उसे सम्मान दो
आदत देखनी हो तो उसे स्वतंत्र कर दो
नियत देखनी हो तो उसे कर्ज दो
और अगर उसके गुण देखने हो,
तो उसके साथ कुछ समय बिताओ

########

474. दो बातों पर नियंत्रण जरूरी है
आमदनी प्रयाप्त ना हो तो खर्चों पर और
जानकारी प्रयाप्त ना हो तो शब्दों पर।

########

475. गुस्सा एक माचिस की तीली की तरह है
जो दूसरों को बर्बाद करने से पहले खुद को ही बर्बाद करता है

########

476. जीवन का सबसे सुंदर
और सरल नियम
जो आपके साथ नही होना चाहिए
वह आप दूसरों के साथ न करे

########

477. जिंदगी में समस्या तो हर दिन नई खड़ी है
जीत जाते है वो जिनकी सोच कुछ बड़ी है

478. शिक्षा हमें अंगूठे के निशान से हस्ताक्षर तक ले गयी
टैक्नोलॉजी हमें हस्ताक्षर से फिर अंगूठे के निशान पर ले आई
इसलिये सब फैसले हमारे नहीं होते
कुछ फैसले वक्त के भी होते हैं

########

479. प्रसिद्ध होना, आसान है
पर, सिद्ध होना, बेहद कठिन

########

480. पूरी दुनिया जीत सकते है, संस्कार से और
जीता हुआ भी हार जाते है अहंकार से

########

481. राह बड़ी सीधी है,
मोड़ तो सारे मन के हैं

########

482. जो सम्मान से कभी गर्वित नहीं होते,
अपमान से कभी क्रोधित नहीं होते
और क्रोधित होकर भी
जो कभी कठोर नहीं बोलते
वास्तव में वे ही श्रेष्ठ होते हैं

########

483. इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन उसका दिमाग़
होता है पकड़ पकड़ कर लाता है उन
लम्हों को जो तकलीफ़ देते हैं

########

484. नाम और पतंग जितनी ऊंचाई पर होते है काटने
वालों की संख्या भी उतनी ही अधिक हुआ करती हैं

485. सभी समस्याएं Mind और Matter के बीच ही हैं
अगर आप Mind नहीं करते, तो कुछ भी Matter नहीं करता

########

486. हमें सदैव सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए सही कार्य करने चाहिए
भले ही लोग कुछ भी कहें क्योंकि
परिणाम भी हमने भुगतने है लोगों ने नहीं

########

487. बदला लेने की नहीं बदलाव लाने की,सोच रखिये
समझदार व्यक्ति वह नहीं जो ईट का जवाब पत्थर"से दे
समझदार व्यक्ति वो है, जो-फेंकी हुई ईट से,अपना आशियाना बना ले

########

488. अपने जीवन की तुलना किसी के साथ नही करनी चाहिए
सूर्या औऱ चन्द्रमा के बीच कोई तुलना नही,
जब जिसका वक्त आता है वो चमकता है

########

489. आप कितने भी अच्छे हो, आप कितना भी अच्छा काम कर लो
पर एक बात हमेशा याद रखना आपको जो गलत समझता है,
वह मरते दम तक आपको गलत ही समझेगा क्योंकि
नजर का ऑपरेशन किया जा सकता है नजरिए का नहीं!!

########

490. गलत व्यक्ति कितना भी मीठा बोले,
एक दिन आपके लिए "बीमारी" बन जाएगा
अच्छा व्यक्ति कितना भी कड़वा लगे,
एक दिन "औषधि" बन कर काम आएगा

########

491. नाराज़ हमेशा खुशियां होती है
दुखों के कहाँ इतने नख़रे होते है

492. बेहतरीन नजर वो है जो अपनी कमियों को देख सके
क्योंकि नींद तो रोज ही खुलती है पर आँखे कभी-कभी

########

493. जो व्यक्ति असल चेहरे को नक़ाब में छिपाने में माहिर होते हैं
वो मीठा बोलने में बहुत माहिर होते हैं

########

494. जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता उन्हें माफ़ कर दो,
और जिन्हें माफ़ नहीं कर सकते उन्हे भूल जाओ

########

495. दूसरों द्वारा की गई गलतियों से सीखो,
अपने ऊपर प्रयोग करके सीखने में
तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी

########

496. तक़दीर बदल जाती है जब जिन्दगी का कोई मकसद हो
वरना उम्र कट जाती है तक़दीर को इल्जाम देते देते

########

497. भाग्यशाली वे नही होते जिन्हें
सब कुछ अच्छा मिलता है
बल्कि वे होते हैं जिन्हें जो मिलता है
उसे वो अच्छा बना लेते हैं

498. भगवान कुछ और दे या ना दे पर आदर भाव और संस्कार जरूर देना
मुझसे मिलने के बाद कोई भी मेरे पीछे से ये ना कहे कि
किस घमंडी से मिल लिया बल्कि ये कहें कि दुनिया बदल गई पर ये बंदा
आज भी वैसा ही है जैसा कल था


########

499. कोई हमारी गलतियां निकालता है तो हमें खुश होना चाहिए क्योंकि, कोई तो है जो हमें पूर्ण  दोष रहित बनाने के लिए अपना दिमाग और समय दे रहा है ।

########

500. उपलब्धि और आलोचना" एक दूसरे के मित्र हैं
उपलब्धियां बढ़ेगी तो निश्चित ही आप की"आलोचना भी बढ़ेगी

########



**महेंद्र सिंह**



**प्रदीप सिंह रावल**

**महेंद्र सिंह** का जन्म ग्राम आमका जिला गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश में दिनांक 14 अगस्त 1940 को हुआ। उनकी पढ़ाई लिखाई दिल्ली में हुई। उन्होंने फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज, दिल्ली यूनिवर्सिटी से कार्मिक प्रभंदन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया तथा कोआपरेटिव कॉलेज लोवबोरोह इंग्लैंड से सहकारी समितियों के प्रभंदन का कोर्स भी पूरा किया। श्री महेंद्र सिंह नफेड के प्रभंद निदेशक पद से रिटायर हुए।

उन्होंने रावल फॅमिली ऑफ़ आमका नामक पुस्तक ग्राम आमका के 2018 में 200 वर्ष पूरा होने के अवसर पर अपने पूर्वजो को श्रद्धांजि अर्पित करने हेतु लिखी है। संशोधित तीसरा संस्करण हाल ही में 2021 में प्रकाशित हुआ है।

आमका निवासी श्री प्रदीप सिंह रावल जी के सहयोग और प्रेरणा से मैंने इस पुस्तक में उत्कृष्ट वचन नाम से प्रेरणा दायक एवम चरित्र निर्माण में सहायक पांच सौ वचनो का संकलन किया है । यह उम्मीद की जाती है कि केवल इसको पड़ना ही नहीं बल्कि जीवन में इन वचनो प्रयोग करना भी आवश्यक है तभी यह पुस्तक सार्थक कही जाएगी । आशा है आपको यह पसंद आएगी ।

**ठाकुर सुधीर सिंह रावल के सुपुत्र प्रदीप सिंह रावल** ने मुझे पिछले कई सालों से कुछ प्रेरणा दायक सूत्र भेज रहे थे । मैंने उन्हें संभाल कर रखा और जब उनकी संख्या लगभग 500 के करीब हो गयी तब मैंने सोंचा की क्यों न समाज के उथान एवम लाभ के लिए इनको एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाये। मैंने श्री प्रदीप सिंह जी से परामर्श करने के उपरांत यह निशचय किया कि इन वचनो को 500 उत्कृष्ट वचन नाम से छपवा दिया जाये। श्री प्रदीप सिंह जी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता है और आस पास के क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय है । सामाजिक कार्य के अतिरिक्त वह राजनैतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते है । आमका गांव में उनके पास बहुतायत में कृषि योग्य भूमि है जिसमे वो आधुनिक तरीके से कृषि का कार्य करते है। यह पुस्तक उनके सहयोग के बिना पूरी नहीं हो पाती।उनके सहयोग के लिए वह अभिनन्दन के पात्र है।